फर्द अहकाम

अज अदालत –जिला कलक्टर,–मुकाम –भरतपुर

उदयसिंह चौधरी बनाम ई.ओ. नगर पालिका नदबई

किस्म मुकदमा–अपील आर.टी.आई. नम्बर 54 सन् 2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही इनिशयल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुए
29.06.2022	प्रार्थी / अपीलान्ट उदयसिंह चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश किसान कॉंग्रेस कमेटी, वेयर हाउस रोड वार्ड नं. 23 गायत्री भवन कटरा नदबई ने आर टी आई के तहत यह अपील अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नदबई के खिलाफ प्राप्त हुई है। अपील दर्ज रजिस्टर हो। प्राप्त अपील का अवलोकन किया गया। अपील के साथ सलंग्न फोटो प्रति पत्रादि से जाहिर है कि प्रार्थी ने आर.टी.आई. के तहत प्रेषित प्रार्थना पत्र में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नदबई द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण, आरटीआई के तहत यह अपील इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। आर.टी.आई. एक्ट के तहत अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नदबई के खिलाफ अपील सुनवाई का क्षेत्राधिकार सम्बन्धित अध्यक्ष नगर पालिका को है। अतः प्राप्त मूल अपील को लौटाई जाकर अपीलार्थी को लिखा जावे कि वह नियमानुसार अध्यक्ष, नगर पालिका नदबई को अपील प्रस्तुत करें। पत्रावली बाद कार्यवाही दाखिल दफतर हो। जिला कलक्टर, भरतपुर (राज.)	